डेढ़ माह से फरार आरक्षक को न पकड़ पाए और ना की कोई विभागीय कार्यवाही

धर्मपत्नी के मौत के आरोप में भगोड़े आरक्षक तथा उनकी महिला मित्र पर पुलिस प्रशासन मेहरबान

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,20 मार्च,पांढुरना जिले के लोधीखेडा थाने में पदस्थ पुलिस आरक्षक की धर्मपत्नी प्रीति रघुवंशी का उसी के घर में फांसी के फंदे पर झूलते मिले शव के पास जांचकर्ता पुलिस को मिले अहम सुराग पर छिंदवाड़ा पुलिस द्वारा मृर्तिका के पति चंद्र किशोर रघुवंशी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध तो किया,लेकिन डेढ़ माह बाद भी इस भगोड़े आरक्षक पति को पकड़ नहीं पाई ।

वहीं सूत्रों की माने तो इतने लंबे अंतराल से ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने तथा गंभीर मामले में दर्ज रिपोर्ट तथा फरार चल रहे आरक्षक चंद्र किशोर पर पांढुरना पुलिस द्वारा भी कोई विभागीय कार्यवाही तक नहीं कर इसे खुली छूट दे रखी है,ऐसे में मृर्तिका को कैसे न्याय मिल पाएगा ?

संदेहास्पद स्थिति में मिला था महिला का शव

उल्लेखनीय हो कि पांढुरना जिले के लोधीखेड़ा पुलिस थाने में आरक्षक के पद पर पदस्थ चंद्र किशोर रघुवंशी की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीती रघुवंशी का पडोसी जिले छिंदवाड़ा के चंदन गांव के आशीर्वाद कॉलोनी में इसी के घर में बीते 9 फरवरी 2026 की रात्रि फांसी के फंदे पर संदेहास्पद स्थिति में शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पहुंचे पुलिस अधिकारियों को घटनास्थल पर मृर्तिका के हस्तलिखित सोसाईट नोट मिले थे, जिसमें इसके पति के इसी के विभाग की एक महिला अधिकारी के साथ संबंध होने के कारण ही पति द्वारा प्रीति को आए दिन शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए थे। साथ ही इसकी सास प्रेमवती रघुवंशी,ननद नीलिमा रघुवंशी,ननद का पति बब्ली रघुवंशी द्वारा भी प्रताड़ित करना लिखा था।

23 दिनों बाद दर्ज किया मामला

मृर्तिका के हस्तलिखित सोसाईट नोट तथा मृर्तिका के मायके वालों की शिकायत पर छिंदवाड़ा कोतवाली पुलिस द्वारा घटना के 23 दिनों बाद 3 मार्च 2026 को अपराध क्रमांक 175/26 को धारा बीएनएस की धारा 85,108,3 (5) के तहत मृर्तिका के पति,सास, ननद तथा ननद के पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण तो पंजीबध्द कर लिया,लेकिन इस आरक्षक चंद्र किशोर रघुवंशी के विभाग की महिला मित्र को आरोपी नहीं बनाते हुए घटना के डेढ़ माह बाद भी आज तक छिंदवाड़ा पुलिस अपने ही विभाग के इस भगोड़े आरक्षक को पकड़ना तो दूर की बात इसका कोई सुराग तक नहीं लगा पाई है।

डेढ़ माह बाद भी विभाग के हाथ खाली

वहीं दुसरी और पांढुरना जिला पुलिस प्रशासन भी इस आरक्षक पर भी कुछ ज्यादा ही मेहरबान दिखाई दे रहीं है,विभागीय सूत्रों की माने तो बीते डेढ़ माह से ड्यूटी पर लगातार अनुपस्थित रहने तथा इसके खिलाफ कोतवाली पुलिस थाने में गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज होने के बावजूद आज तक इस भगोड़े आरक्षक चंद्रकिशोर रघुवंशी पर पांढुरना पुलिस विभाग द्वारा कोई भी विभागीय कार्यवाहीं तक नहीं की है ।

इनका कहना है ... ...

आरक्षक चंद्रकिशोर रघुवंशी तो पहले विधिवत छुट्टी लेकर गया था,लेकिन वह पिछले डेढ़ माह से ड्यूटी पर नहीं आ रहा है, अब तो उसका मोबाईल फोन भी बंद है,जिसके चलते उससे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। इस बात की जानकारी उन्होंने विभाग के उच्च अधिकारी को दी है,इस पर विभाग के उच्च अधिकारी ही कोई कार्यवाही कर सकते है।

श्री ए.बी.मर्सकोल्हे
थाना प्रभारी लोधीखेड़ा

आई .टी .इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने नवोदय में रचा इतिहास

बिछुआ न्यूज, बिछुआ आदिवासी विकासखंड क्षेत्र के ष्ट.क्र.स.श्व .आई .टी .इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी मेहनत और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। इस वर्ष भी विद्यालय के 4 होनहार विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है। जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के चयनित विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से पियूष उईके पिता दयाराम उईके,अक्षित पवारपिता बसंत पवार, वेदांत कुल्हारपिता पप्पू कुल्हार, यशस्वी भारती पिता मयंक भारती इन विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यदि परिणामों पर दृष्टि डालें तो सत्र 2022-23 में 2 विद्यार्थियों,
सत्र 2023-24 में 7 विद्यार्थियों, सत्र 2024-25 में 4 विद्यार्थियों तथा वर्तमान सत्र 2025ङ्क26 में 4 होनहार विद्यार्थियों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि विद्यालय का प्रदर्शन निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। पिछले 5 वर्षों से लगातार विद्यार्थियों के चयन की संख्या में वृद्धि दर्ज की जा रही है। जो विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक प्रणाली नियमित मार्गदर्शन एवं योजनाबद्ध तैयारी का स्पष्ट प्रमाण है।लगातार उत्कृष्ट परिणामों के आधार पर आई .टी .इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने बिछुआ क्षेत्र ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के इतिहास में भी एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सत्र 2017ङ्क18 से लेकर 2025ङ्क26 तक कुल 28 विद्यार्थियों का चयन कर विद्यालय ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विशेष रूप से यह भी उल्लेखनीय है कि सत्र 2017ङ्क18 से 2025ङ्क26 तक नवोदय चयन में सर्वाधिक विद्यार्थियों का चयन ष्ट.क्र.स.श्व. आई .टी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल से ही हुआ है। जो विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता एवं निरंतर श्रेष्ठ परिणामों का सशक्त प्रमाण है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में भी जवाहर नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों में सबसे अधिक संख्या इसी विद्यालय के विद्यार्थियों की है, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उत्कृष्ट मार्गदर्शन का प्रमाण है।
इस शानदार सफलता का श्रेय विद्यालय के समर्पित शिक्षक नीरज वर्मा एवं मनोज डोंगरे को जाता है। जिन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन प्रेरणा एवं उचित दिशा प्रदान की। विद्यालय की संचालिका श्रीमती पूजा बोबड़े ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विशेष रूप से विद्यार्थियों के अभिभावकों का आभार व्यक्त किया है जिनके विश्वास सहयोग एवं प्रेरणा से यह उपलब्धि संभव हो सकी है। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र एवं सम्पूर्ण मध्य प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

धनोरा क्षेत्र में बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से फसल के नुकसान का निरिक्षण करने पहुंचा राजस्व अमला

नायाब तहसीलदार, राजस्व निरिक्षक, हल्का पटवारी,क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा किया गया निरिक्षण

धनोरा (जागीर)- धनोरा क्षेत्र में बेमौसम बारिश,तेज हवा और ओलावृष्टि स्थिति का जायजा लेने हेतु क्षेत्रीय विधायक कमलेश शाह,व अधिकारियों के निदेशों पर फसल नुकसान का आंकलन करने के राजस्व विभाग की टीम प्रभावित गांवों के खेतों में पहुंची। निरिक्षक के दौरान नायाब तहसीलदार पुष्पेंद्र पाण्डेय, राजस्व निरिक्षक पुष्पेन्द्र उईके, राजस्व विभाग हल्का पटवारी भूपेन्द शिकरवार, सिद्धार्थ बागडे, दुर्गेश साहू, दुर्गेश डेहरिया, शिवम दुबे, श्लोक मिश्रा क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी किशोर पवार व समस्त ग्राम कोटवार सम्बंधित किसान व ग्रामवासियों की उपस्थिती में ग्राम भुमका, धनोरा,अण्डोल, कोठिया,मनकवाड़ी, झिरना, टहटोरी, दामखोह,बेलपठार, डेंडू, आदि ग्रामों में खेतों में जाकर मौका निरिक्षण किया गया एवं फसल क्षति का आंकलन किया गया ।

श्रीकृष्ण ने समाज को धर्म, प्रेम और करुणा का संदेश दिया : हरिशवर महाराज

मोहखेड, ग्राम सिरकुही के हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सोमवार को भक्तिमय वातावरण के बीच भगवान श्रीकृष्ण की बाललीलाओं और गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन किया गया।कथा के पांचवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान कर भक्ति भाव में डूबे दिखाई दिए। इसके पश्चात छप्पन भोग और अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर श्री कृष्ण की महिमा का गुणगान किया।

कथा वाचक हरिशवर जी महाराज बनारस वाले ने व्यासपीठ से कथा का वाचन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की बाललीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि बाल्यावस्था में श्रीकृष्ण ने अपनी दिव्य लीलाओं के माध्यम से समाज को धर्म, प्रेम और करुणा का संदेश दिया। उनकी बाललीलाएं केवल मनोरंजन नहीं बल्कि मानव जीवन के लिए गहरे आध्यात्मिक संदेश भी देती हैं।कथा के दौरान गोवर्धन लीला का भी भावपूर्ण वर्णन करते हुए कथावाचक हरिशवर जी महाराज ने बताया कि जब इंद्र के प्रकोप से ब्रज में घनघोर वर्षा होने लगी, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। यह लीला भगवान की करुणा और अपने भक्तों के प्रति उनके अटूट प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने जीवन में आनन्द पाने के लिए भक्ति मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि भगवान का स्वरूप आनन्दमय है, जब भगवान के प्रति हमें भक्ति प्राप्त होती है, तभी जीवन में आनन्द प्रकट होता है, आनन्द हमारे अंदर छिपा है, ये बाहर परिश्रम से, त्याग से और तपस्या से आता है, जिस प्रकार सभी को ज्ञात है कि दूध में घी छिपा है, लेकिन वो बाहर परिश्रम से ही आ पाता है। आहार और व्यवहार सात्विक हो तो भक्ति मिलती है और भक्ति के आने से आनंद प्राप्ति होगी।इस अवसर पर छप्पन भोग और अन्नकूट महोत्सव का भी भव्य आयोजन किया गया। भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का छप्पन भोग अर्पित किया गया और अन्नकूट के रूप में अनेक प्रकार के खाद्य पदार्थों से भोग सजाया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ भगवान के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।पूरे परिसर में भजन-कीर्तन और जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा.इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

बटकाखापा थाना में रक्षा समिति की बैठक संपन्न, ईद और रामनवमी को लेकर बनी रणनीति

बटकाखापा, बटकाखापा थाना परिसर में रक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक थाना प्रभारी अनिल सिंह राठौड़ और नायब तहसीलदार पुष्पेंद्र पांडे की मौजूदगी में संपन्न हुई, जिसमें वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे। बैठक में शांति समिति एवं रक्षा समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही। आगामी त्यौहार ईद और रामनवमी को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष चर्चा की गई।अधिकारियों ने सभी सदस्यों से अपील की कि त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही प्रशासन को सहयोग करने का भी आग्रह किया गया। बैठक के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

धूमधाम से निकली कलश यात्रा, खेड़ापति माता मंदिर तामिया से ललिता मंदिर होते हुए मैन मार्केट

तामिया। तामिया-से सिंह वाहिनी नैनादेवी तुलतुला मंदिर कलश यात्रा खेड़ापति माता मंदिर से भारी संख्या में माता के भक्तों ने धूमधाम से कलश लेकर क्षेत्र की आस्था के केंद्र सिंह वाहिनी नैनादेवी तुलतुला मंदिर पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पहाड़ी के शिखर पर विराजमान माता भक्तों के दुखों को दूर कर सुख समृद्धि एवं यश वैभव प्रदान करती है। चैत्र नवरात्रि के दौरान सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने मनोकामना कलश की स्थापना की। मां के दरबार में बिना किसी भेदभाव के अमीर ,गरीब सब जाकर हाजिरी लगाते हैं एवं माता रानी से अपना दुखड़ा सुनाते हैं। तामिया नगर के सैकड़ो युवा, माताओं,बहनों ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया।**तुलतुला मंदिर चैत्र नवरात्र में हर दिन होंगे विविध आयोजन तामिया** - सिंहवाहिनी नैनादेवी तुलतुला मन्दिर में प्रतिदिन विविध धार्मिक कार्यक्रम जारी है। आज तुलतुला मंदिर में यज्ञ प्रवचन,रामचरित मानस 108 पाठ,दुर्गा मां चंडीगढ़ फलाहार भंडारा जारी है। आज से अखण्ड तामिया के तुलतुला मंदिर मनोकामना रुद्राभिषेक हर दिन तुलतुला मंदिर में होगा पुजारी झीनानंद जी महाराज पंडित प्रीतम चौबे पंडित मोहन पाठक शास्त्री यज्ञाचार्य,पंडित विनोद शर्मा की उपस्थिति में रुद्राभिषेक जारी है। एकनाम संकीर्तन शुरू हो गया।तुलतुला मंदिर में प्रतिदिन अनेकों श्रद्धालु चैत्र नवरात्र में भक्ति भाव से पहुंच रहे हैं। तुलतुला मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन के साथ प्रवचन कार्यक्रम पण्डित अशोक शास्त्री की कथा जारी है ।प्रतिवर्षानुसार माँ सिंहवाहिनी नैना देवी मंदिर तुलतुला पहाड़ तामिया में चैत्र नवरात्र में को लेकर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं खेड़ापति माता मंदिर से से लेकर नैना देवी मंदिर तक पुलिस प्रशासन टी आईआशीष जैतवार पूरा पुलिस प्रशासन मौजूद रहा पुलिस प्रशासन की देखरेख में भव्य कलश यात्रा को संपन्न कराया

लावाघोघरी सेक्टर में नवांकुर संस्था ने किया जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ

मोहखेड़। चैत्र प्रतिपदा एवं हिंदू नव वर्ष पवन अवसर पर जन अभियान परिषद के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादवजी ने मध्यप्रदेश में जल संवर्धन एवं संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की इसी तरह जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन सर एवं ब्लॉक समन्वयक श्री भवानीप्रसाद कुमरे जी के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक 03 सेक्टर लावाघोघरी की चयनित नवांकुर संस्था शुभ विचार एसोसिएशन डोडिया के द्वारा भी जल संवर्धन अभियान के शुभारंभ हेतु ग्राम पंचायत परासिया बैतूल के ग्राम पांढ़रीखापा की मरका डोडा नाले पर पूजन अर्चन कर किया।इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रभारी श्री अनिल कुमार डेहरिया ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश में दिनांक 19मार्च2026से प्रारंभ होकर 30जून2026तक तीन चरणों में चलेगा।

प्रथम चरण दिनांक19मार्च से दिनांक27मार्च तक सुरक्षित जल,समृद्ध कल की थीम पर कुल नौ दिन मातारानी की भक्ति के रूप में जल शक्ति से नव भक्ति के रूप में जल संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों जैसे प्रभात फेरी,कलश यात्रा,वृक्ष पूजन,दीपमाला एवं देवगीत,संकीर्तन एवं आरती तथा जल मंदिर(प्याऊ) के माध्यम से किया जाएगा।दूसरा चरण दिनांक 28 मार्च से 04जून तक चलेगा जिसमें जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम होंगे जैसे जन सहयोग से जल स्त्रोतों की साफ सफाई व गहरीकरण,जल संरक्षण के लिए जागरूकता,मुख्य एवं सहायक नदियों पर सामूहिक श्रम साधना,जल चौपाल,जल संवाद,नारा लेखन तथा जल संरक्षण के लिए समर्पित व्यक्ति का सम्मान आदि गतिविधियां आयोजित कर किया जाएगा।इसी प्रकार जल गंगा संवर्धन अभियान का तीसरा और अंतिम चरण दिनांक05जून से शुरू होगा जो कि 31जून तक चलेगा जिसमें बावड़ीउत्सव के रूप में बावड़ियों की साफ सफाई,रंग रोगन,साज सज्जा और रंगोली,सांस्कृतिक संध्या तथा नुक्कड नाटक के माध्यम से मनाया जाएगा।इस अवसर पर नवांकुर संस्था शुभ विचार एसोसिएशन डोडिया प्रभारी अनिल कुमार डेहरिया,अध्यक् शंकरलाल कुमरे, हीरालाल कुमरे,बी एस डब्ल्यू के छात्र अंकित कुमरे तथा ग्राम पांढ़रीखापा से रविन्द्र कुमार सूर्यवंशी की उपस्थित रहे।

पाल समाज की मांग जल्द पूरी माँ देवी अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा होगी स्थापित

छिंदवाड़ा,/ चौरई-जिला पाल धनगर समाज संगठन द्वारा पिछले तीन वर्षों से एमएलबी स्कूल के सामने स्थित पार्क में माँ अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा स्थापना की मांग लगातार की जा रही थी। यह मांग जिला पाल धनगर समाज संघठन जे.सी. 4598 के माध्यम से उठाई गई थी, जिस पर 17 मार्च 2026 को आयोजित नगर निगम की एम.आई.सी. बैठक में सकारात्मक निर्णय लेते हुए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई नगर निगम द्वारा प्रतिमा स्थापना हेतु स्थान प्रस्तावित किए जाने के बाद समाज में उत्साह का माहौल है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए समाज के लोगों ने सांसद विवेक बंटी साहू एवं महापौर विक्रम अहाके का आभार व्यक्त किया इसी क्रम में पाल समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी महापौर विक्रम अहाके के निवास (बंगले) पर पहुंचे, जहां उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका सम्मान किया और प्रतिमा स्थापना के लिए स्थान स्वीकृत कराने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान समाज के कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें जिलाध्यक्ष शशिकांत धनोरिया चेतराम पाल, सेवाभावी लाल, दयालु पाल, कृपाल पाल,रामदास पाल रमेश पाल, श्याम पाल, संतोष पाल सहित अन्य वरिष्ठजन शामिल रहे समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि माँ अहिल्या बाई की प्रतिमा स्थापित होने से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिलेगी और समाज के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने जा रही है।

भाजपा का दो दिवसीय मोहखेड और लिंगा मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

एकात्म मानववाद है भाजपा की मूल प्रेरणा : नानाभाऊ मोहोड

मोहखेड़, -भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत उमरानाला में स्थित कनेरे लान में मोहखेड और लिंगा मंडल के दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व राज्यशिक्षा मंत्री नानाभाऊ मोहोड,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजू परमार,पूर्व पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष संतोष जैंन,राजेंद्र भक्ते, राजू फरकसे,भाजपा मंडल मोहखेड अध्यक्ष गगन घटकड़े, लिंगा मंडल अध्यक्ष घनश्याम कड़वे,जनपद पंचायत मोहखेड अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे,पूर्व जिला पंचायत सदस्य मदन साहू,लखनलाल डोंगरे, महामंत्री गणेश डोंगरे,अनिल विशवकर्मा, सुनील उइके,वेदप्रकाश सिसोदिया, समेत अन्य पदाधिकारियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पूर्व राज्य शिक्षामंत्री नानाभाऊ मोहोड़ ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और उनका %एकात्म मानववाद% का दर्शन ही भारतीय जनता पार्टी की मूल प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को न केवल वैचारिक रूप से मजबूत करते हैं, बल्कि उन्हें संगठन की कार्यपद्धति, रीति-नीति और सिद्धांतों से भी गहराई से जोड़ते हैं।श्री मोहोड़ ने आह्वान किया कि कार्यकर्ता यहां से प्राप्त ज्ञान और अनुभवों को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन की मजबूती में अपनी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करें।इस प्रशिक्षण वर्ग में महेश भादे,लीलाधर दरवईकर,जितेंद्र पटेल,अर्जुन पटेल,सदाशिव खौसी,लीलाधर डोंगरे,आकाश पाटिल, डिंपल मालवी,देवराव ठाकरे,मनोज ठाकरे,पंडरी पवार,राजकुमार सोनी,कमलकांत साहू,राजू सरनकर,कपूरचंद साहू,अरूण बोरकर,सुंदरलाल पटेल,हरिप्रसाद उइके,जयदेव डिगरसे,मंगलू पटेल,बलवंत गिरारे,जयप्रकाश आठनेरिया सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एंव बूथ अध्यक्ष समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पागल कुत्ते ने 6 लोगों को बुरी तरह काटा,2 लोगों को जिला अस्पताल भेजा



अमरवाड़ा। नगर में शुक्रवार को एक पागल कुत्ते ने 6 लोगों को बुरी तरह काट लिया। जिनमें से दो लोगों का घाव बड़ा होने के चलते छिंदवाड़ा रेफर किया गया है। अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक लगभग 3ः00 बजे के आसपास दो से तीन मरीज एक के बाद एक अस्पताल पहुंचे और उन्होंने बताया कि नगर में एक पागल कुत्ते ने काट लिया है, जिसके बाद उन्हें औपचारिक इलाज दिया गया। शाम तक पागल कुत्ते की चपेट में लगभग छह लोग आ गए। जिनमें से दो लोगों अमरवाड़ा वार्ड क्रमांक 4 निवासी पचकोड़ी वंशकार उम्र 60 साल और अहिल्या डेहरिया उम्र 62 साल निवासी अंडोल का घाव बड़ा था। जिसके चलते उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इनके अलावा घायलों में बलीराम कवरेती उम्र 32 साल निवासी सालढाना,निहारिका उम्र 5 साल निवासी पेटदेवरी,नंदकिशोर उम्र 30 साल निवासी सेजा,बालकराम उम्र 65 साल निवासी सेजा सहित अन्य शामिल है।

पंचायत सचिवों ने सेंट्रल बैंक से खाता हटाने सीईओ को दिया ज्ञापन

अमरवाड़ा। जनपद पंचायत अमरवाड़ा अंतर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत के सचिवों ने सेंट्रल बैंक के मैनेजर द्वारा अभद्र व्यवहार सहित खाता धारकों को हो रही असुविधा को देखते हुए ग्राम पंचायत से जुड़े सभी खातों को सेंट्रल बैंक से हटाकर अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खोलने को लेकर सामूहिक रूप से आवेदन दिया गया। पंचायत सचिव संघ के बुद्धिलाल उईके ने बताया कि खाताधारकों को बैंक द्वारा जबरन परेशान किया जा रहा है। खाता सक्रिय को लेकर भी अलग-अलग प्रकार के दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। सचिवों को पंचायत खाता के अलावा व्यतिगत खाता भी सेंट्रल बैंक में खोलने का दबाव भी दिया जा रहा है। इन सब समस्याओं को देखते हुए सभी पंचायत सचिवों ने सामूहिक रूप से अमरवाड़ा सीईओ जयदेव शर्मा को लिखित आवेदन देकर जल्द से जल्द कार्यवाही का निवेदन किया है।

वैदिक मंत्राचार्य के साथ हजारों यजमानों और आमजनों ने कुंडों में छोड़ी आहुतियां

छिंदवाड़ा। सहस्त्र चंडी महायज्ञ सनातन धर्म का एक अत्यंत शक्तिशाली और पुण्यदायी अनुष्ठान है। इस अनुष्ठान में देवी मां की पूजा से परिवार में सुख-समृद्धि, बाधाओं का नाश और उत्तम स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। इस महायज्ञ से मानसिक शांति, पारिवारिक बाधाओं से मुक्ति और ग्रह दोष से मुक्ति मिलती है। चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर इस दिव्य और पुण्य आयोजन का लाभ जिलेवासियों को दिलाने के उद्देश्य से सांसद बंटी विवेक साहू और साहू परिवार एवं श्री रामेश्वरम धाम सेवा समिति के द्वारा श्री रामेश्वर धाम सिहोरामाल में 26 मार्च तक 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।